दृष्टि The Vision

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## अप्रैल भाग-1 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोनः 8750187501
ई-मेलः online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| सैन्य अभ्यास | देश |
|---|---|
| 1. वज्र प्रहार | भारत-अमेरिका |
| 2. शक्ति | भारत-ब्रिटेन |
| 3. युद्ध अभ्यास | भारत-अमेरिका |
| 4. नोमेडिक एलीफैंट | भारत-कोरिया |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. केवल 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कंपनी अधिनियम, 2013 एक कंपनी के निगमन, ज़िम्मेदारियों और विघटन को नियंत्रित करता है।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक निजी कंपनी के अल्पसंख्यक शेयरधारकों के अधिकारों को संरक्षित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

3. मोटे अनाजों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं:

1. ये सूखा प्रतिरोधी फसलें हैं जिन्हें सुपरफूड कहा जाता है।
2. भारत में मोटे अनाज की कोई भी स्वदेशी फसल नहीं उगाई जाती है।
3. मोटे अनाजों की फसलों में कैल्शियम और प्रोटीन की अधिक मात्रा उपलब्ध होती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ट्रोजन मंगल और बृहस्पति के बीच मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में पाए जाने वाले क्षुद्रग्रह हैं।
2. नियर-अर्थ क्षुद्रग्रह पृथ्वी के साथ अपनी कक्षा साझा करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

5. कृषि विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय कोष संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
2. IFAD द्वारा गरीबी, भुखमरी और कुपोषण को समाप्त करने हेतु विकासशील देशों में गरीब ग्रामीण आबादी के साथ मिलकर कार्य किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मानवाधिकार से संबंधित प्रावधान संविधान के भाग- III और भाग- IV में शामिल किये गए हैं।
2. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) एक सांविधिक निकाय है, जो मानव अधिकारों के संरक्षण के लिये मानवाधिकार न्यायालयों का नेतृत्त्व करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. मौद्रिक नीति समिति (MPC) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम,1934 के तहत स्थापित की गई थी।
2. भारत का वित्त सचिव समिति का पदेन अध्यक्ष होता है।
3. MPC मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारित करने के लिये ज़िम्मेदार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

8. एशिया एवं प्रशांत का आर्थिक व सामाजिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह क्षेत्र की प्रगति पर विश्व बैंक की सबसे पुरानी रिपोर्ट है।
2. इस सर्वेक्षण में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के महत्त्वपूर्ण पहलू और चुनौती से संबंधित अध्ययन शामिल किये जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

9. वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रिपोर्ट विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी की गई है।
2. दक्षिण एशिया क्षेत्र में भारत शीर्ष प्रदर्शन करने वाला देश है।
3. राजनीतिक सशक्तीकरण सूचकांक में भारत की स्थिति में गिरावट दर्ज की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

10. 'राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये सकारात्मक अधिकार हैं और राज्य पर सकारात्मक दायित्व अधिरोपित करते हैं।
2. ये न्यायालय द्वारा प्रवर्तन योग्य नहीं होते हैं।
3. इनमें निर्धारित सिद्धांत शासन के लिये मूलभूत होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

11. अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये;

1. अनुच्छेद 244(A) केवल असम के भीतर एक 'स्वायत्त राज्य' के निर्माण की अनुमति देता है।
2. केरल और तमिलनाडु में जनजातीय क्षेत्रों को संविधान की पाँचवीं अनुसूची के तहत शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. 'लिंगायत' संप्रदाय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस संप्रदाय की स्थापना वैदिक काल में समाज सुधारक और दार्शनिक बासवन्ना द्वारा की गई थी।
2. लिंगायत पूर्णत: एकेश्वरवादी होते हैं और केवल विष्णु की पूजा करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक वैधानिक संगठन है, जिसका गठन किया गया था:

A. जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत।
B. वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत।
C. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत।
D. राष्ट्रीय पर्यावरण न्यायाधिकरण अधिनियम, 1995 के अंतर्गत।

नोट :

14. 'एक्सेस टू कोविड-19 टूल्स एक्सलरेटर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह G-20 देशों द्वारा शुरू किया गया एक वैश्विक सहयोग है।
2. इसका उद्देश्य कोविड-19 महामारी को समाप्त करना और वैश्विक स्तर पर सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को पूर्ण रूप से बहाल करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

15. 'स्टार प्रचारक' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्टार प्रचारक द्वारा किये गए चुनावी खर्च को संबंधित राजनीतिक दल द्वारा वहन किया जाता है, न कि किसी व्यक्तिगत उम्मीदवार द्वारा।
2. जब प्रधानमंत्री एक स्टार प्रचारक होता है तो सुरक्षा पर होने वाला खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16. 'बिम्सटेक' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें केवल दक्षिण एशियाई देश शामिल हैं।
2. इसका सचिवालय ढाका, बांग्लादेश में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना का विस्तार MUDRA उधारकर्त्ताओं तक नहीं है।
2. ECLGS योजना के तहत SIDBI द्वारा गारंटी प्रदान की जाती है।
3. हाल ही में ECLGS योजना के तहत पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों के व्यावसायिक उद्यमों को भी शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

नोट :

18. प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पीएम-कुसुम योजना कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी।
2. यह स्टैंडअलोन सौर ऊर्जा संचालित कृषि पंप प्रदान करने पर केंद्रित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19. चालू खाता घाटा (CAD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चालू खाता केवल वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात और आयात को रिकॉर्ड करता है।
2. इसे सोना, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे गैर-ज़रूरी वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाकर कम किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20. हाल ही में 'परसिस्टेंट वायरल शेडिंग' सुर्खियों में था, यह एक अवस्था है:

A. वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षण के पूर्ण विकास की।
B. वृद्ध लोगों में वायरस के विशेष प्रकार के संक्रमण की।
C. ठीक हुए मरीज़ों में अपने तंत्र में वायरस के कुछ लक्षणों को बनाए रखने की।
D. ठीक हुए मरीज़ों में वायरस का पुन: संक्रमण न होने की।

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में केवल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ और स्वर्ण भंडार शामिल हैं।
2. विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों को डॉलर के रूप में व्यक्त किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. ओडिया भाषा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्वी इंडो-आर्यन परिवार की सबसे पुरानी भाषा है।
2. इसकी उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है।
3. आदिकवि सारला दास ने ओडिया भाषा में महाभारत लिखी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

नोट :

23. गोदावरी नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह महाराष्ट्र में नासिक के पास त्र्यंबकेश्वर से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले लगभग 1465 किलोमीटर की दूरी तय करती है।
2. इसका जल निकासी बेसिन केवल महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों में फैला हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

24. 'विशेष आहरण अधिकार' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित परिसंपत्ति है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा बनाया गया था।
2. इसके मूल्य की गणना, 'बास्केट ऑफ करेंसी' में शामिल मुद्राओं के औसत भार के आधार पर की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. दुर्लभ रोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दुर्लभ रोगों का प्रसार कम होता है और इनसे जीवन को खतरा नहीं होता है।
2. सभी दुर्लभ रोग आनुवंशिक होते हैं।
3. दुर्लभ बीमारियों के लिये कोई उपचार उपलब्ध नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

26. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA)-1980 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NSA एक निवारक निरोध कानून है।
2. NSA किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये खतरा उत्पन्न करने से रोकने हेतु केवल केंद्र सरकार को उस व्यक्ति को हिरासत में लेने का अधिकार देता है।
3. NSA के तहत हिरासत की अवधि अधिकतम 6 माह है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

27. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से नस्लवाद/जातिवाद के संबंध में सही है/हैं?

1. नस्लवाद का आशय एक विदेशी समुदाय या राष्ट्र से संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भेदभाव से है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद-24, 'नस्ल' के आधार पर भेदभाव को समाप्त करता है।
3. भारत ने 'नस्लीय भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन' (ICERD) की पुष्टि की है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वरुण भारत-फ्राँस का एक नौसैनिक अभ्यास है।
2. सभी क्वाड सदस्य वरुण अभ्यास में भाग लेंगे।
3. वरुण अभ्यास हिंद महासागर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

29. "संकल्प से सिद्धि"- गाँव एवं डिजिटल कनेक्ट मुहिम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राइफेड) द्वारा शुरू किया गया है
2. इसका मुख्य उद्देश्य गाँवों में वन धन विकास केंद्रों (VDVKs) को सक्रिय बनाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
2. भारत IMO का सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

31. 'चिनाब नदी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्गम लघु हिमालय क्षेत्र में होता है।
2. यह जम्मू-कश्मीर और पंजाब से होकर बहती है।
3. पौंग बाँध को चेनाब नदी पर बनाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

32. केंद्रीय जाँच ब्यूरो के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. यह कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है।
2. यह एक सांविधिक निकाय है।
3. दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 इसकी शक्तियों का स्रोत है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अधिकरण को 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से पेश किया गया था।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 323B प्रशासनिक अधिकरणों से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

34. भारतीय खाद्य निगम (FCI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
2. यह एक सांविधिक निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

35. वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस रिपोर्ट को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी किया गया है।
2. यह एक वार्षिक प्रकाशन है।
3. यह निकट और मध्यम अवधि के दौरान वैश्विक आर्थिक विकास का विश्लेषण तथा भविष्यवाणी करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

36. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ग्रामीण बुनियादी ढाँचे के निर्माण हेतु पुनर्वित्त की सुविधा उपलब्ध करता है।
2. यह सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के सर्वेक्षण का कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज (IEX) 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' (NSE) और 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' (BSE) के साथ सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी है।
2. IEX केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (CERC) द्वारा विनियमित है।
3. केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग अर्द्ध-न्यायिक स्थिति के साथ एक सांविधिक निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रूस का सुदूर पूर्व साइबेरियाई सागर से आर्कटिक महासागर तक फैला हुआ है।
2. भारत और रूस दोनों शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य हैं।
3. कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (KKNPP) भारत में रूस के सहयोग से बनाया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

39. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस संगठन की स्थापना सोवियत संघ के विरुद्ध सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वाशिंगटन संधि द्वारा की गई थी।
2. नाटो का संरक्षण सदस्य देशों के गृह युद्ध या आंतरिक तख्तापलट तक सीमित नहीं है।
3. इसका मुख्यालय वाशिंगटन (अमेरिका) में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

40. हाल ही में समाचारों में रही 'अनामय' पहल किससे संबंधित है?

A. भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिये स्वास्थ्य देखभाल से।
B. SC/ST को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रावधान से।
C. आदिवासी समुदायों के बीच सभी निवार्य मौतों को दूर करने से।
D. कमज़ोर वर्गों के बीच वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने से।

41. 'आसियान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर को आसियान के संस्थापक के रूप में जाना जाता है।
2. आसियान घोषणा को जकार्ता घोषणा के रूप में भी जाना जाता है।
3. रूस आसियान क्षेत्र में विकास सहायता का सबसे बड़ा प्रदाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

42. प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (PSL) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. PSL के तहत ऋण देने के लिये RBI केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अनिवार्य करता है।
2. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अपने समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (ANDC) का 100% PSL को आवंटित करना होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 'राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन' द्वारा जारी किया जाता है।
2. CPI वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में अंतर की गणना करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओपेक एक स्थाई संगठन है जिसका गठन बगदाद सम्मेलन में हुआ था।
2. कच्चे तेल का निर्यात करने वाले गैर-ओपेक देशों को ओपेक प्लस देश कहा जाता है।
3. अल्जीरिया, लीबिया, नाइजीरिया और वेनेज़ुएला ओपेक प्लस देश हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 3

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. E9 समूह की स्थापना यूनेस्को की पहल 'सभी के लिये शिक्षा' (EFA) हेतु की गई थी।
2. भारत E9 समूह का सदस्य है।
3. EFA को पहली बार वर्ष 1990 में शिक्षा के लिये अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और सेशेल्स दोनों हिंद महासागर आयोग के सदस्य हैं।
2. भारत और सेशेल्स अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के संस्थापक सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

47. समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCLOS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अभिसमय पर संयुक्त राष्ट्र (UN) के सभी सदस्य देशों द्वारा हस्ताक्षर और इसकी पुष्टि की गई है।
2. विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) तटीय देश के तट से 200 समुद्री मील तक होता है।
3. तटीय देश को EEZ क्षेत्र में जीवित और निर्जीव दोनों प्रकार के संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन करने का अधिकार होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गोलन हाइट्स एक सामरिक पठार है जिसे इज़राइल ने जॉर्डन से छीन लिया था।
2. वेस्ट बैंक इज़राइल और जॉर्डन के मध्य अवस्थित है।
3. गाजा पट्टी इज़राइल और मिस्र के मध्य स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

49. सतत् विकास लक्ष्य (SDG) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SDG-4 का लक्ष्य समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करना तथा सभी के लिये आजीवन सीखने के अवसरों को बढ़ावा देना है।
2. SDG संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राज्यों पर कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

50. नवेगाँव-नागझिरा टाइगर रिज़र्व निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

A. महाराष्ट्र
B. छत्तीसगढ़
C. मध्य प्रदेश
D. झारखंड

51. 'न्यूनतम वैकल्पिक कर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत 'शून्य कर भुगतान' करने वाली कंपनियों की संख्या में वृद्धि के मद्देनज़र की गई थी।
2. इसके प्रावधानों के तहत केवल घरेलू कंपनियों को शामिल किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वैधानिक निकाय है।
2. यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।
3. इसका मुख्यालय केरल में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बढ़ते संबंधों के बावजूद वर्ष 2017 से नीदरलैंड के साथ भारत के द्विपक्षीय व्यापार में गिरावट की प्रवृत्ति देखी गई है।
2. नीदरलैंड में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या मौजूद है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

54. ज्योतिराव फुले के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उनकी विचारधाराएँ उदारवाद और समतावाद पर आधारित थीं।
2. वे सत्यशोधक समाज के संस्थापक थे।
3. उन्हें महात्मा की उपाधि से विभूषित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कज़ाखस्तान रूस, चीन और उज़्बेकिस्तान के साथ सीमा साझा करता है।
2. मध्य एशिया में कज़ाखस्तान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।
3. कज़ाखस्तान और भारत के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास का नाम काज़िंद (KAZIND) है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

56. मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CEC की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2. CEC अपने पद से किसी भी समय त्याग-पत्र दे सकता है अथवा कार्यकाल पूरण होने से पहले भी इसे पद से हटाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

57. हाल ही में समाचार में देखा गया 'डूम्सडे ग्लेशियर' किस स्थान पर स्थित है?

A. अंटार्कटिका
B. आर्कटिक वृत्त
C. एशिया
D. उत्तरी अमेरिका

58. सैन्य अभ्यास 'शांतिर ओग्रोशेना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिदिष्ट एक काउंटर-टेररिज़्म अभ्यास है।
2. यह भारत और बांग्लादेश के बीच एक द्विपक्षीय अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उत्तरी आयरलैंड राजनीतिक रूप से यूनाइटेड किंगडम का हिस्सा है।
2. उत्तरी आयरलैंड में रोमन कैथोलिक आबादी की बहुलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. हिमालय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हिमालय विश्व की सबसे ऊँची और नवीन वलित पर्वत शृंखला है।
2. हिमालय पर्वत शृंखला में तीन श्रेणियाँ हैं जिनके नाम हैं हिमाद्री, हिमाचल और शिवालिक।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गुड़ी पड़वा और उगादि त्योहार केवल महाराष्ट्र में मनाए जाते हैं।
2. गुड़ी पड़वा पर महाराष्ट्र के लोगों द्वारा घरों में बाँस की छड़ियों से बनी गुड़िया तैयार की जाती है।
3. बेवु-बेला गुड़ी पड़वा और उगादि पर तैयार किया जाने वाला एक प्रसिद्ध भोजन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

62. हाल ही में लॉन्च किया गया 'ई-सांता' इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. जल कृषकों और खरीदारों को जोड़ने

B. ग्रामीण विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने

C. विदेशी निवेशकों को भारत में निवेश संबंधी सुविधा प्रदान करने

D. ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता लाने

63. वर्ष 1919 में हंटर कमीशन की स्थापना की गई थी:

A. रॉलेट एक्ट के प्रावधानों की जाँच के लिये

B. जलियाँवाला बाग हत्याकांड की जाँच के लिये

C. राजनीतिक कैदियों के मामलों की जाँच के लिये

D. राजनीतिक गतिविधियों की जाँच के लिये

64. 'भारत ऊर्जा डैशबोर्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक ही स्थान पर देश के ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित समग्र डेटा प्रदान करने का एक प्रयास है।
2. इसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

---

## व्याख्या भाग-1

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वज्र प्रहार (Vajra Prahar) भारत और अमेरिका के विशेष बलों के बीच आयोजित युद्ध अभ्यास है।
- शक्ति युद्ध अभ्यास (Shakti Exercise), भारत और फ्राँस के बीच आयोजित किया जाता है। **अत: 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- युद्ध अभ्यास (Yudh Abhyas), भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की सेनाओं के बीच एक वार्षिक अभ्यास है।
- नोमेडिक एलीफेंट (Nomadic Elephant), भारत और मंगोलिया के बीच होने वाला एक सैन्य अभ्यास है। **अत: 4 सही सुमेलित नहीं है।**

**2.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या :**

- कंपनी अधिनियम, 2013 एक भारतीय कंपनी कानून है, जो एक कंपनी के निगमन, जिम्मेदारियों, निदेशकों और शेयरधारकों के साथ ही इसके विघटन संबंधी सभी गतिविधियों को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - कंपनी अधिनियम 2013 में शामिल प्रावधान केवल सूचीबद्ध कंपनियों के छोटे शेयरधारकों (अल्पसंख्यक शेयरधारकों को छोड़कर ) के अधिकारों की रक्षा करते हैं, ताकि ऐसी कंपनियों को अपने बोर्ड में कम-से-कम एक निदेशक को ऐसे छोटे शेयरधारकों द्वारा चुना जा सके। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- कंपनी अधिनियम के अनुसार, छोटे शेयरधारक वे शेयरधारक या शेयरधारकों के समूह हैं जो केवल 20,000 रुपए से कम मूल्य के शेयर रखते हैं।

- अल्पसंख्यक शेयरधारक किसी फर्म या कंपनी के इक्विटी धारक हैं। यदि ये किसी फर्म की इक्विटी पूंजी के 50% से कम का स्वामित्व रखते है तो उन्हें फर्म में अपने मताधिकार शक्ति का उपयोग करने से वंचित होना पड़ता है।

**3.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मोटे अनाजों को अक्सर सुपरफूड के रूप में संदर्भित किया जाता है, मोटे अनाज गेहूँ और चावल की तुलना में सस्ते होने के साथ-साथ उच्च प्रोटीन, फाइबर, विटामिन तथा आयरन आदि की उपस्थिति के चलते पोषण हेतु बेहतर आहार होते हैं। मोटे अनाजों में कैल्शियम और मैग्नीशियम की प्रचुरता होती है।
  - जैसे- रागी में सभी खाद्यान्नों की तुलना में कैल्शियम की मात्रा सबसे अधिक होती है।
- ये कठोर एवं सूखा प्रतिरोधी फसलें हैं जिनका वृद्धि काल (70-100 दिन) गेहूँ या चावल (120-150 दिन ) की फसल की तुलना में कम होता है इसके अलावा मोटे अनाजों (350-500 मिमी.) को गेहूँ या चावल (600-1,200 मिमी.) की फसल की तुलना में कम जल की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 1 और 3 सही हैं।**
- वर्तमान में भारत में उगाई जाने वाली तीन प्रमुख मोटे अनाज वाली फसलें ज्वार, बाजरा और रागी हैं।
  - इसके साथ ही भारत मोटे अनाजों की जैव-आनुवंशिक रूप से विविध और स्वदेशी किस्मों की एक समृद्ध श्रृंखला को विकसित कर रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रमुख उत्पादक राज्यों में राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात और हरियाणा शामिल हैं।

**4.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- क्षुद्रग्रह तीन समूहों में विभाजित हैं:
  - पहला समूह
    - मंगल और बृहस्पति ग्रह के बीच मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में मौजूद क्षुद्रग्रह, अनुमान के अनुसार, इस क्षुद्रग्रह बेल्ट में 1.1 से 1.9 मिलियन क्षुद्रग्रह मौजूद हैं।
  - दूसरा समूह
    - इसमें वे ट्रोजन क्षुद्रग्रह शामिल हैं, जो एक बड़े ग्रह के साथ अपनी कक्षा को साझा करते हैं। नासा ने बृहस्पति, नेपच्यून और मार्स ग्रहों के ट्रोजन क्षुद्रग्रहों के बारे में जानकारी दी है। वर्ष 2011 में नासा ने पृथ्वी के ट्रोजन क्षुद्रग्रह की भी सूचना दी थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - तीसरा समूह
    - इसमें नियर-अर्थ क्षुद्रग्रह (NEA) शामिल होते हैं, जिनकी कक्षा पृथ्वी के पास से गुज़रती हैं। वे क्षुद्रग्रह जो पृथ्वी की कक्षा को पार करते हैं, उन्हें अर्थ -क्रॉसर्स कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - अब तक कुल 10,000 से अधिक नियर-अर्थ क्षुद्रग्रहों के संबंध में जानकारी मिली है, जिनमें से 1,400 से अधिक को 'संभावित खतरनाक क्षुद्रग्रह' (PHAs) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

नोट :

**5.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- IFAD की स्थापना वर्ष 1977 में गई थी, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी को कम करने पर केंद्रित है। यह विकासशील देशों में गरीब ग्रामीण आबादी के साथ मिलकर कार्य करके गरीबी, भूख और कुपोषण को समाप्त करने की दिशा में कार्यरत है। **अतः कथन 2 सही है।**
- IFAD, संयुक्त राष्ट्र (United Nations) की एक विशेष एजेंसी है जो वर्ष 1974 के विश्व खाद्य सम्मेलन का प्रमुख परिणाम थी। **अतः कथन 1 सही है।**

**6.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या**

- मानव अधिकार वे अधिकार हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति को जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, धर्म या किसी अन्य आधार पर भेदभाव किये बिना प्राप्त होते हैं।
  - इनमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार, कुछ विशिष्ट कानूनों से सुरक्षा का अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार आदि शामिल हैं।
- भारतीय संविधान में मानव अधिकारों से संबंधित प्रावधान:
  - मौलिक अधिकार (भाग-III): संविधान के अनुच्छेद 12 से 35 में मौलिक अधिकारों से संबंधित प्रावधान किये गए हैं।
  - राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत (भाग-IV): इससे संबंधित प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 36 से 51 में किये गए हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 (जिसे वर्ष 2019 में संशोधित किया गया था) मानव अधिकारों के संरक्षण हेतु राज्य मानवाधिकार आयोग और मानवाधिकार न्यायालयों तथा इनके नेतृत्त्व हेतु राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के गठन की व्यवस्था करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**7.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या:**

- RBI की 'मौद्रिक नीति समिति (MPC)' 'भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934' के तहत स्थापित एक वैधानिक एवं संस्थागत निकाय है। यह आर्थिक विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मुद्रा स्थिरता को बनाए रखने हेतु कार्य करती है। अतः कथन 1 सही है।
- रिज़र्व बैंक का गवर्नर इस समिति का पदेन अध्यक्ष होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- MPC मुद्रास्फीति दर के 4% के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये ब्याज दर (रेपो रेट) के निर्धारण का कार्य करती है।
  - भारत की केंद्र सरकार मुद्रास्फीति के लक्ष्य को निर्धारित करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- वर्ष 2014 में तत्कालीन डिप्टी गवर्नर उर्जित पटेल की अध्यक्षता वाली रिज़र्व बैंक की समिति ने मौद्रिक नीति समिति की स्थापना की सिफारिश की थी।

**8.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में एशिया एवं प्रशांत के लिये संयुक्त राष्ट्र आर्थिक व सामाजिक आयोग (UNESCAP) ने एशिया एवं प्रशांत का आर्थिक व सामाजिक सर्वेक्षण (Economic and Social Survey of Asia and the Pacific), 2021 शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है।

- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर वर्ष 2021-22 में 7% रहने का अनुमान है, जबकि सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों (Normal Business Activity) पर महामारी के प्रभाव के कारण पिछले वित्त वर्ष (2020-21) में 7.7% का संकुचन देखा गया था।

- एशिया और प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण की प्रगति पर वर्ष 1947 से प्रतिवर्ष प्रस्तुत की जाने वाली यह संयुक्त राष्ट्र की सबसे पुरानी रिपोर्ट है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह सर्वेक्षण क्षेत्रीय प्रगति के बारे में जानकारी देने के साथ वर्तमान व उभरते सामाजिक-आर्थिक मुद्दों तथा नीतिगत चुनौतियों पर अत्याधुनिक विश्लेषण एवं चर्चा के लिये मार्गदर्शन प्रदान करता है और क्षेत्र में समावेशी एवं सतत् विकास का समर्थन करता है।
- इस सर्वेक्षण में वर्ष 1957 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के महत्त्वपूर्ण पहलू और चुनौती से संबंधित अध्ययन को शामिल किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2021 का सर्वेक्षण कोविड-19 महामारी के प्रभाव का अध्ययन करता है और कोविड-19 के चलते अर्थव्यवस्थाओं के लचीलेपन हेतु अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

**9.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum's- WEF) द्वारा जारी वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2021 में भारत 28 पायदान नीचे आ गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे पहली बार वर्ष 2006 में WEF द्वारा प्रकाशित किया गया था।
  - इसमें निम्नलिखित चार आयामों के मद्देनज़र 156 देशों द्वारा लैंगिक समानता की दिशा में की गई प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है:
  - आर्थिक भागीदारी और अवसर, शिक्षा का अवसर, स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता, राजनीतिक सशक्तीकरण।
  - इंडेक्स में 1 उच्चतम स्कोर होता है जो समानता की स्थिति तथा 0 निम्नतम स्कोर होता है जो असमानता की स्थिति को दर्शाता है।
- दक्षिण एशियाई देशों में भारत का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है, भारत रैंकिंग में 156 देशों में 140वें स्थान पर है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - दक्षिण एशिया के देशों में बांग्लादेश 65वें, नेपाल 106वें, पाकिस्तान 153वें, अफगानिस्तान 156वें, भूटान 130वें और श्रीलंका 116वें स्थान पर है।
  - वैश्विक लैंगिक अंतराल इंडेक्स, 2020 में भारत 153 देशों में 112वें स्थान पर था।
- राजनीतिक सशक्तीकरण:
  - भारत के राजनीतिक सशक्तीकरण सूचकांक में 13.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। महिला मंत्रियों की संख्या वर्ष 2019 में 23.1% थी जो वर्ष 2021 में घटकर 9.1% रह गई है। अतः कथन 3 सही है।
  - हालाँकि अन्य देशों की तुलना में भारत द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया है और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में यह 51वें स्थान पर है।
- शिक्षा तक पहुँच:
  - शिक्षा प्राप्ति सूचकांक में भारत को 114वें स्थान पर रखा गया है।
- आर्थिक भागीदारी:
  - रिपोर्ट के अनुसार, भारत में इस वर्ष आर्थिक भागीदारी में अंतर 3% बढ़ा है।
  - पेशेवर और तकनीकी भूमिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी 29.2% तक घट गई है।
  - उच्च और प्रबंधकीय पदों पर भी महिलाओं की हिस्सेदारी 14.6% है तथा देश में केवल 8.9% फर्मों में ही शीर्ष पर महिला प्रबंधक हैं।

नोट :

- भारत में महिलाओं की अनुमानित आय पुरुषों की केवल 1/5 है, जो इस संकेतक पर देश को वैश्विक स्तर पर 10 पायदान नीचे रखता है।
- पाकिस्तान और अफगानिस्तान में एक महिला की औसत आय पुरुष की औसत आय से 16% से भी कम है, जबकि भारत में यह 20.7% है।

- स्वास्थ्य और उत्तरजीविता सूचकांक:
    - इस पर भारत द्वारा खराब प्रदर्शन किया गया तथा भारत रैंकिंग में 155वें स्थान पर रहा है।
    - इस सूचकांक में सबसे खराब प्रदर्शन चीन का रहा है।
    - रिपोर्ट प्रमुख कारक के रूप में एक विषम लिंग अनुपात (Skewed Sex Ratio) की ओर इशारा करती है।
    - लड़कों की चाह में प्रसव पूर्व पक्षपातपूर्ण तरीके से लिंग चयन को इसके लिये ज़िम्मेदार ठहराया गया है।
    - प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण जैसी प्रथाओं के चलते प्रतिवर्ष लापता होने वाली बालिकाओं के 1.2 से 1.5 मिलियन मामलों में से 90-95% मामले केवल भारत और चीन में देखने को मिलते हैं।

**10.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या**

- भारतीय संविधान का भाग- IV राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों (DPSPs) से संबंधित है।
    - ये सकारात्मक अधिकार हैं और राज्य पर सकारात्मक दायित्व अधिरोपित करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद 37 में परिभाषित है कि राज्य के नीति निदेशक तत्त्व संबंधी प्रावधानों को किसी भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- हालाँकि इसमें निहित सिद्धांत शासन व्यवस्था में मौलिक प्रकृति के होंगे। **अत: कथन 3 सही है।**

**11.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह अनुच्छेद संसद को शक्ति प्रदान करता है कि वह विधि द्वारा असम के कुछ जनजातीय क्षेत्रों को मिलाकर एक स्वायत्त राज्य की स्थापना कर सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह अनुच्छेद स्थानीय प्रशासन के लिये एक स्थानीय विधायिका या मंत्रिपरिषद अथवा दोनों की स्थापना की भी परिकल्पना करता है।
    - इस अनुच्छेद को 22वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1969 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था।
- केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में जनजातीय क्षेत्रों को पाँचवीं या छठी अनुसूची के तहत नहीं लाया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - वर्तमान में 10 राज्य यथा- आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना को पाँचवीं अनुसूची के तहत शामिल किया गया है।

**12.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- बारहवीं सदी (न कि वैदिक काल) में कर्नाटक में 'बासवन्ना' के नेतृत्व में एक धार्मिक आंदोलन चला जिसमें बासवन्ना के अनुयायी 'लिंगायत' कहलाए। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - बसवेश्वरा पूर्णत: जाति व्यवस्था और वैदिक अनुष्ठानों के विरुद्ध थे।

- लिंगायत पूर्णत: एकेश्वरवादी होते हैं। वे केवल एक ही ईश्वर 'लिंग', (शिव) की पूजा करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- 'लिंग' शब्द का अर्थ मंदिरों में स्थापित लिंग नहीं है, बल्कि सार्वभौमिक ऊर्जा (शक्ति) द्वारा सार्वभौमिक चेतना से है।
- माना जाता है कि वीरशैव तथा लिंगायत एक ही है किंतु लिंगायतों का तर्क है कि वीरशैव का अस्तित्व लिंगायतों से पहले का है तथा वीरशैव मूर्तिपूजक हैं।
- कर्नाटक में लगभग 18 प्रतिशत आबादी लिंगायतों की है। ये लंबे समय से हिंदू धर्म से पृथक् धर्म का दर्जा चाहते हैं।

**13.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (Central Pollution Control Board) का गठन एक सांविधिक संगठन के रूप में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत सितंबर 1974 को किया गया। **अत: विकल्प A सही है।**
- इसे वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत शक्तियाँ व कार्य सौंपे गए।
- यह बोर्ड पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को तकनीकी सेवाएँ भी उपलब्ध कराता है।

**14.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 'एक्सेस टू कोविड-19 टूल्स एक्सलरेटर' (ACT-Accelerator) को अप्रैल 2020 में WHO के महानिदेशक, फ्राँस के राष्ट्रपति, यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह सरकारों, वैज्ञानिकों, व्यवसायों, नागरिक समाज और समाजसेवी वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों को एक साथ लाता है।
  - इसके प्रतिभागियों में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, सेपी (CEPI), फाउंडेशन फॉर इनोवेटिव न्यू डायग्नोस्टिक्स (FIND), गावी (GAVI), द ग्लोबल फंड, यूनिटेड (Unitaid), वेलकम ट्रस्ट (लंदन), WHO और विश्व बैंक शामिल हैं।
- इसका उद्देश्य महामारी को समाप्त करना, विश्व स्तर पर सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को पूर्ण रूप से बहाल करना और कोविड -19 रोग के उच्च-स्तरीय नियंत्रण की सुविधा प्रदान करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एसीटी एक्सलरेटर के कार्यों को चार स्तंभों में व्यवस्थित किया जाता है:
  - निदान, उपचार, टीका और स्वास्थ्य प्रणाली को मज़बूत बनाना।
  - प्रत्येक स्तंभ समग्र प्रयास के लिये महत्त्वपूर्ण है और इसमें नवाचार और सहयोग शामिल है।

**15.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एक स्टार प्रचारक किसी पार्टी के लिये चुनाव में एक सेलिब्रिटी के तौर पर वोट मांग सकता है। यह व्यक्ति कोई भी हो सकता है, एक राजनीतिज्ञ या यहाँ तक कि एक फिल्म स्टार भी। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार, स्टार प्रचारक से संबंधित चुनाव खर्च राजनीतिक दलों द्वारा वहन किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- MCC दिशा-निर्देशों के अनुसार, जब कोई प्रधानमंत्री या पूर्व प्रधानमंत्री स्टार प्रचारक होता है, तो बुलेट-प्रूफ वाहनों सहित सुरक्षा पर होने वाला खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा और इसे पार्टी या उम्मीदवार के चुनाव खर्चों में नहीं जोड़ा जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

16.

उत्तर: B

व्याख्या

- 'बिम्सटेक' का पूरा नाम 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन' है तथा यह एक क्षेत्रीय संगठन है।
  - इसके 7 सदस्यों में से 5 सदस्य- बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल और श्रीलंका दक्षिण एशिया से हैं तथा दो- म्याँमार और थाईलैंड दक्षिण-पूर्व एशिया से हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह भारत और पाकिस्तान के बीच मतभेदों के चलते दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क-SAARC) के महत्त्वहीन हो जाने के कारण भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ जुड़ने हेतु एक नया मंच प्रदान करता है।
- वर्तमान में बिम्सटेक 15 क्षेत्रों में कार्य करता है, जिनमें व्यापार, प्रौद्योगिकी, कृषि, पर्यटन, मत्स्य पालन, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं।
- 'बिम्सटेक' के स्थायी सचिवालय की स्थापना ढाका, बांग्लादेश में 13 सितंबर, 2014 को की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**

17.

उत्तर: A

व्याख्या:

- आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना के तहत व्यावसायिक उद्देश्यों हेतु MSMEs, व्यावसायिक उद्यमों, MUDRA उधारकर्त्ताओं और व्यक्तिगत ऋणों पर उनके क्रेडिट की 20% सीमा तक पूर्णत: गारंटी और संपार्श्विक मुक्त अतिरिक्त क्रेडिट प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (National Credit Guarantee Trustee Company- NCGTC) द्वारा ECLGS योजना के तहत गारंटी प्रदान की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (NCGTC) की स्थापना भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत 28 मार्च, 2014 को 10 करोड़ रुपए की प्रदत्त पूंजी के साथ भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में की गई थी। इस कंपनी के गठन का प्राथमिक उद्देश्य विभिन्न क्रेडिट गारंटी फंडों के लिये एक सामान्य ट्रस्टी कंपनी के रूप में कार्य करना है।
- हाल ही में सरकार द्वारा 3 लाख करोड़ रुपए की आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (Emergency Credit Line Guarantee Scheme- ECLGS) अवधि को 30 जून, 2021 तक बढ़ा दिया गया है तथा इसके दायरे को आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों तक विस्तारित किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - यह सुविधा केवल उन उद्यमों हेतु है, जिनका कुल ऋण 29 फरवरी, 2020 तक 500 करोड़ रुपए से अधिक नहीं हो और विलंबित ऋण, यदि कोई हो तो इसकी मियाद 29 फरवरी, 2020 को 60 दिन या इससे कम हो।

18.

उत्तर: D

व्याख्या:

- पीएम-कुसुम योजना को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ऑफ-ग्रिड सौर पंपों की स्थापना और ग्रिड से जुड़े क्षेत्रों में ग्रिड पर निर्भरता कम करने के लिये शुरू किया गया था **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- फरवरी 2019 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने वित्तीय सहायता और जल संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस योजना को शुरू करने की मंजूरी प्रदान की।
- पीएम-कुसुम योजना किसानों को अपनी बंजर भूमि पर स्थापित सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से ग्रिड को बिजली बेचने का विकल्प प्रदान करते हुए अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर प्रदान करेगी।

नोट :

- पीएम-कुसुम योजना के घटक:
  - पीएम-कुसुम योजना के तीन घटक हैं और इन घटकों के तहत वर्ष 2022 तक 30.8 गीगावाट की अतिरिक्त सौर क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।
  - घटक A : भूमि पर स्थापित 10,000 मेगावाट के विकेंद्रीकृत ग्रिडों को नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों से जोड़ना।
  - घटक B : 20 लाख स्टैंडअलोन सौर ऊर्जा चालित कृषि पंपों की स्थापना।
  - घटक C : ग्रिड से जुड़े 15 लाख सौर ऊर्जा चालित कृषि पंपों का सौरीकरण (Solarisation)। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**19.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चालू खाता के अंतर्गत केवल वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात और आयात को रिकॉर्ड किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह विश्व के अन्य देशों के साथ एक देश के लेन-देन का प्रतिनिधित्व करता है तथा पूंजी खाते की तरह देश के भुगतान संतुलन (Balance of Payment) का एक घटक होता है।
- जब किसी देश का निर्यात उसके आयात से अधिक होता है, तो उसके BoP में व्यापार अधिशेष की स्थिति होती है, वहीं जब किसी देश का आयात उसके निर्यात से अधिक होता है तो उसे (BoP) व्यापार घाटे के रूप में प्रदर्शित किया जाता है।
- चालू खाता घाटे को निर्यात को बढ़ावा देने और गैर-आवश्यक वस्तुओं जैसे कि सोना, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स के आयात पर अंकुश लगाने से कम किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**20.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'परसिस्टेंट वायरल शेडिंग':
  - जब कोई व्यक्ति SARS-CoV-2 जैसे श्वसन वायरस (Respiratory Virus) से संक्रमित हो जाता है तो वायरस के कण विभिन्न प्रकार के वायरल रिसेप्टर (Viral Receptor) के साथ बँधे होते हैं।
  - कोरोना वायरस से ठीक होने वाले लोगों में कोरोना के निम्न स्तर के वायरस कम-से-कम तीन महीने तक रह सकते हैं।
  - इस निम्न स्तर के वायरस में दूसरों को बीमार करने और संक्रमित कर देने की सीमित क्षमता ही होती है. इस वायरस का पता डायग्नोस्टिक टेस्ट के माध्यम से लगाया जा सकता है।
  - इस प्रकार लगातार वायरस से विकसित होने वाली बीमारी को पर्सिस्टेंट वायरल शेडिंग कहा जाता है। **अत: विकल्प C सही है।**

**21.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या**

- विदेशी मुद्रा भंडार का आशय केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा में आरक्षित संपत्ति से है, जिसमें बॉण्ड, ट्रेज़री बिल और अन्य सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल होती हैं।
- भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में निम्नलिखित को शामिल किया जाता है:
  - विदेशी परिसंपत्तियाँ (विदेशी कंपनियों के शेयर, डिबेंचर, बॉण्ड इत्यादि विदेशी मुद्रा में)
  - स्वर्ण भंडार
  - IMF के पास रिज़र्व ट्रेंच
  - विशेष आहरण अधिकार (SDR) **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियाँ वे हैं जिनका मूल्यांकन उस देश की अपनी मुद्रा के बजाय किसी अन्य देश की मुद्रा में किया जाता है।
- FCA विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है। इसे डॉलर के संदर्भ में व्यक्त किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- गैर-अमेरिकी मुद्रा जैसे- यूरो, पाउंड और येन की कीमतों में उतार-चढ़ाव को FCA में शामिल किया जाता है।

**22.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ओडिया भाषा, इंडो-आर्यन परिवार के पूर्वी समूह में सबसे पुरानी भाषा है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ओडिया भाषा की उत्पत्ति अर्धमागधी प्राकृत से हुई है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ओडिया उन छह भाषाओं में शामिल है जिन्हें भारतीय शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है।
  - यह भारतीय संविधान में आधिकारिक तौर पर "अनुसूचित" भाषा है अर्थात् यह संविधान की अनुसूची 8 में शामिल भाषा है।
- ओडिशा राज्य की मुख्य आधिकारिक भाषा भी है।
- वह पहले विद्वान थे जिन्होंने 15वीं शताब्दी में ओडिया भाषा में अपनी रचनाएँ लिखी थीं।
  - इन्हें ओडिया भाषा के तीन प्रमुख ग्रंथों- महाभारत (Mahabharata), विलंका रामायण (Vilanka Ramayana) और चंडी पुराण (Chandi Purana) के लिये जाना जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - इन्हें लक्ष्मी नारायण वचनिका की रचना हेतु भी जाना जाता है।

**23.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गोदावरी नदी तंत्र प्रायद्वीपीय भारत का सबसे बड़ा नदी तंत्र है। इसे दक्षिण की गंगा भी कहा जाता है।
  - उद्भव: गोदावरी नदी महाराष्ट्र में नासिक के पास त्र्यंबकेश्वर से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले लगभग 1465 किलोमीटर की दूरी तय करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अपवाह तंत्र: गोदावरी बेसिन महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों के अलावा मध्य प्रदेश, कर्नाटक तथा पुदुचेरी के मध्य क्षेत्र के छोटे हिस्सों में फैला हुआ है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - सहायक नदियाँ: प्रवरा, पूर्णा, मंजरा, पेनगंगा, वर्धा, वेनगंगा, प्राणहिता (वेनगंगा, पेनगंगा, वर्धा का संयुक्त प्रवाह), इंद्रावती, मनेर और सबरी।

**24.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विशेष आहरण अधिकार को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा 1969 में अपने सदस्य देशों के लिये अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित परिसंपत्ति के रूप में बनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- SDR न तो एक मुद्रा है और न ही IMF पर इसका दावा किया जा सकता है। बल्कि यह IMF के सदस्यों के स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने योग्य मुद्राओं पर एक संभावित दावा है। इन मुद्राओं के लिये SDR का आदान-प्रदान किया जा सकता है।
- SDR के मूल्य की गणना, 'बास्केट ऑफ करेंसी' में शामिल मुद्राओं के औसत भार के आधार पर की जाती है। इस बास्केट में पाँच देशों की मुद्राएँ शामिल हैं- अमेरिकी डॉलर, यूरोपियन यूरो, चीन की मुद्रा रॅन्मिन्बी, जापानी येन और ब्रिटेन का पाउंड। **अत: कथन 2 सही है।**
- विशेष आहरण अधिकार ब्याज (SDRi) सदस्य देशों को उनके द्वारा धारण किये जाने वाले SDR पर मिलने वाला ब्याज है।

नोट :

**25.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- दुर्लभ बीमारी एक ऐसी स्वास्थ्य स्थिति होती है जिसका प्रचलन लोगों में प्राय: कम पाया जाता है या सामान्य बीमारियों की तुलना में बहुत कम लोग इन बीमारियों से प्रभावित होते हैं।
- दुर्लभ बीमारियों की कोई सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत परिभाषा नहीं है तथा अलग-अलग देशों में इसकी अलग-अलग परिभाषाएँ हैं।
- हालाँकि दुर्लभ बीमारियाँ कम लोगों में पाई जाती हैं परंतु सामूहिक रूप से वे जनसंख्या के काफी बड़े अनुपात को प्रभावित करती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- लगभग 80 प्रतिशत दुर्लभ बीमारियाँ मूल रूप से आनुवंशिक होती हैं, इसलिये बच्चों पर इनका विपरीत प्रभाव पड़ता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- लगभग 95% दुर्लभ बीमारियों का कोई प्रमाणित उपचार उपलब्ध नहीं है और इनसे प्रभावित सिर्फ 10 में से 1 रोगी का ही रोग-विशिष्ट उपचार हो पाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**26.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA)-1980 एक निवारक निरोध कानून है। **अत: कथन 1 सही है।**
- निवारक निरोध के तहत भविष्य में किसी व्यक्ति को अपराध करने या अभियोजन से बचने से रोकने के लिये हिरासत में लिया जाना शामिल है।
    - संविधान का अनुच्छेद 22 (3) (ब) राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था हेतु व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर निवारक निरोध और प्रतिबंध की अनुमति प्रदान करता है।
- NSA किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये खतरा उत्पन्न करने से रोकने हेतु केंद्र या राज्य सरकार को उस व्यक्ति को हिरासत में लेने का अधिकार देता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - NSA के तहत किसी व्यक्ति को अधिकतम 12 महीने हिरासत में रखा जा सकता है लेकिन मामले से संबंधित नवीन सबूत मिलने पर सरकार इस समय सीमा को बढ़ा सकती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**27.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नस्लवाद का आशय ऐसी धारणा से है, जिसमें यह माना जाता है कि मनुष्यों को 'नस्ल' नामक अलग और विशिष्ट जैविक इकाइयों में विभाजित किया जा सकता है।
    - प्राय: ज़ेनोफोबिया और नस्लवाद को एक समान माना जाता है, किंतु इनमें सबसे बड़ा अंतर यह है कि नस्लवाद में शारीरिक विशेषताओं के आधार पर भेदभाव किया जाता है, जबकि ज़ेनोफोबिया में इस धारणा के आधार पर भेदभाव किया जाता है कि कोई विदेशी है अथवा किसी अन्य समुदाय या राष्ट्र से है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15, अनुच्छेद 16 और अनुच्छेद 29 'नस्ल', 'धर्म' और 'जाति' के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 153A भी 'नस्ल' को संदर्भित करती है।
    - भारतीय संविधान का अनुच्छेद-24 बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाता है।

नोट :

- भारत ने वर्ष 1968 में 'नस्लीय भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन' (ICERD) की पुष्टि की थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**28.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय नौसेना के जहाज़ आईएनएस सतपुड़ा (INS Satpura) तथा पी 8I लॉन्ग रेंज मेरीटाइम पैट्रोल एयरक्राफ्ट (P8I Long Range Maritime Patrol Aircraft) के साथ आईएनएस किल्तान (INS Kiltan) पहली बार बहुपक्षीय सामुद्रिक अभ्यास ला पेरॉस (La Perouse) में भाग ले रहे हैं, जिसका संचालन 5 से 7 अप्रैल, 2021 तक पूर्वी हिंद महासागर में किया जा रहा है।
    - इस संयुक्त अभ्यास की शुरुआत फ्राँस द्वारा वर्ष 2019 में की गई थी, जिसके प्रथम संस्करण में ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के जहाज़ शामिल हुए थे।
        - इस अभ्यास में भारत की भागीदारी ने फ्रांसीसी नेतृत्व वाले नौसैनिक अभ्यास में क्वाड (QUAD) देशों के प्रतिनिधित्व को पूरा कर दिया।
- ला पेरॉस अभ्यास के बाद भारत-फ्राँस के नौसैनिक अभ्यास "वरुण" का आयोजन पश्चिमी हिंद महासागर में किया जाना निर्धारित है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (UAE) भी भाग लेगा। **अतः कथन 1 और 3 सही हैं, जबकि कथन 2 सही नहीं है।**

**29.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जनजातीय मामले मंत्रालय (Ministry of Tribal Affairs) के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ-ट्राइफेड (Tribal Cooperative Marketing Development Federation of India- TRIFED) ने संकल्प से सिद्धि- गाँव एवं डिजिटल कनेक्ट मुहिम (Sankalp se Siddhi - Village and Digital Connect Drive) लॉन्च की है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस मुहिम/अभियान/ड्राइव का मुख्य उद्देश्य इन गाँवों में वन धन विकास केंद्रों (VDVKs) को सक्रिय बनाना है। अतः कथन 2 सही है।
    - 100 दिनों (1 अप्रैल, 2021 से आरंभ) की इस मुहिम से 150 टीमें (ट्राइफेड एवं राज्य कार्यान्वयनकारी एजेंसियों/मेंटरिंग एजेंसियों/पाटनर्स से प्रत्येक क्षेत्र में 10) जुड़ेंगी। प्रत्येक टीम द्वारा 10 गाँवों का दौरा किया जाएगा।
    - इस प्रकार अगले 100 दिनों में प्रत्येक क्षेत्र में 100 गाँवों तथा देश भर में 1500 गाँवों को कवर किया जाएगा।
    - दौरा करने वाली टीमें स्थानों की भी पहचान करेंगी तथा वृहद् उद्यमों के रुप में ट्राइफूड (TRIFOOD) एवं स्फूर्ति (SFURTI) इकाइयों की क्लस्टरिंग हेतु संभावित वन धन विकास केंद्रों का चयन करेंगी।

**30.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन का भी सदस्य है। **अतः कथन 1 सही है।**
- IMO संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक विशेष एजेंसी है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह एक वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय मानक-निर्धारण प्राधिकरण है जो मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग की सुरक्षा में सुधार करने और जहाज़ों द्वारा होने वाले प्रदूषण को रोकने हेतु उत्तरदायी है।

नोट :

31.

उत्तर: B

व्याख्या:

- इसका उद्गम भारत के हिमाचल प्रदेश के लाहुल एवं स्पीति ज़िले में ऊपरी हिमालय के बारालाचा-ला दर्रे के पास से होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - चिनाब नदी हिमाचल प्रदेश के लाहुल एवं स्पीति ज़िले के तांडी में कीलोंग के दक्षिण-पश्चिम से 8 किलोमीटर दूर दो नदियों चंद्र एवं भागा के संगम से बनती है।
    - भागा नदी सूर्या ताल झील से निकलती है जो हिमाचल प्रदेश में बारालाचा-ला दर्रे के पास अवस्थित है।
    - चंद्र नदी का उद्गम बारालाचा-ला दर्रे (चंद्र ताल के पास) के पूर्व के ग्लेशियरों से होता है।
- बहाव: चिनाब नदी जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र से बहती हुई पाकिस्तान के पंजाब के मैदान में प्रवेश करती है और आगे चलकर सतलज नदी में मिल जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- चिनाब पर कुछ महत्त्वपूर्ण परियोजनाएँ/बाँध
  - रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट
  - सलाल बाँध- हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (रियासी)
  - दुलहस्ती हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्लांट- विद्युत परियोजना (किश्तवाड़ ज़िला)
  - पाकल दुल बाँध (निर्माणाधीन)- किश्तवाड़ ज़िला
- पौंग बाँध को ब्यास नदी पर बनाया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

32.

उत्तर: C

व्याख्या:

- CBI की स्थापना वर्ष 1963 में गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी।
  - अब CBI कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DoPT) के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - CBI की स्थापना भ्रष्टाचार निवारण पर संथानम समिति (1962–1964) द्वारा की गई थी।
- यह केंद्र सरकार की मुख्य जाँच एजेंसी है।
  - यह केंद्रीय सतर्कता आयोग और लोकपाल को भी सहायता प्रदान करता है।
  - यह भारत की नोडल पुलिस एजेंसी भी है जो इंटरपोल सदस्य देशों की ओर से जाँच का समन्वय करती है।
- CBI एक सांविधिक निकाय नहीं है। इसे दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत शक्तियाँ प्राप्त हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है, जबकि कथन 3 सही है।**

33.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अधिकरण (Tribunal) एक अर्द्ध-न्यायिक संस्था (Quasi-Judicial Institution) है जिसे प्रशासनिक या कर-संबंधी विवादों को हल करने के लिये स्थापित किया जाता है।
  - यह विवादों के अधिनिर्णयन, संघर्षरत पक्षों के बीच अधिकारों के निर्धारण, प्रशासनिक निर्णयन, किसी विद्यमान प्रशासनिक निर्णय की समीक्षा जैसे विभिन्न कार्यों का निष्पादन करती है।

नोट :

- अधिकरण संबंधी प्रावधान मूल संविधान में नहीं थे।
  - इन्हें भारतीय संविधान में स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों पर 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा शामिल किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस संशोधन के माध्यम से संविधान में अधिकरण से संबंधित एक नया भाग XIV-A और दो अनुच्छेद जोड़े गए:
    - अनुच्छेद 323A: यह अनुच्छेद प्रशासनिक अधिकरण (Administrative Tribunal) से संबंधित है। ये अधिकरण अर्द्ध-न्यायिक होते हैं जो सार्वजनिक सेवा में काम कर रहे व्यक्तियों की भर्ती और सेवा शर्तों से संबंधित विवादों का समाधान करते हैं।
    - अनुच्छेद 323B: यह अनुच्छेद अन्य विषयों जैसे कि कराधान, विदेशी मुद्रा, आयात और निर्यात, भूमि सुधार, खाद्य, संसद तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव आदि के लिये अधिकरणों की स्थापना से संबंधित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**34.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

- भारतीय खाद्य निगम 'उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय' के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अंतर्गत शामिल सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय खाद्य निगम एक सांविधिक निकाय है जिसे भारतीय खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के तहत वर्ष 1965 में स्थापित किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- देश में भीषण अन्न संकट, विशेष रूप से गेहूँ के अभाव के चलते इस निकाय की स्थापना की गई थी।
  - इसके साथ ही कृषकों के लिये लाभकारी मूल्य की सिफारिश (MSP) करने हेतु वर्ष 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) का भी गठन किया गया। कृषि लागत और मूल्य आयोग भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से संलग्न कार्यालय है।
- इसका मुख्य कार्य खाद्यान्न एवं अन्य खाद्य पदार्थों की खरीद, भंडारण, परिवहन, वितरण और बिक्री करना है।

**35.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) का एक सर्वेक्षण है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस रिपोर्ट को आमतौर पर अप्रैल और अक्तूबर महीने में क्रमश: दो बार प्रकाशित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह भविष्य के चार वर्षों तक के अनुमानों के साथ निकट और मध्यम अवधि के दौरान वैश्विक आर्थिक विकास का विश्लेषण तथा भविष्यवाणी करता है। अत: कथन 3 सही है।

**36.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 12 जुलाई, 1982 को भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) के कृषि ऋण कार्यों और तत्कालीन कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम (Agricultural Refinance and Development Corporation- ARDC) के पुनर्वित्त कार्यों को स्थानांतरित कर नाबार्ड की स्थापना की गई।
  - यह एक संवैधानिक निकाय है, जिसे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1981 के तहत स्थापित किया गया है।
    - यह एक विकास बैंक है जो मुख्य रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्रों पर केंद्रित है।

नोट :

- यह कृषि और ग्रामीण विकास हेतु वित्त प्रदान करने वाला शीर्ष बैंकिंग संस्थान है।
- नाबार्ड के प्रमुख कार्य:
  - यह ग्रामीण बुनियादी ढाँचे के निर्माण हेतु पुनर्वित्त सुविधा उपलब्ध करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - पुनर्वित्त संस्थान महत्त्वपूर्ण संस्थान होते हैं जो अन्य संस्थानों के माध्यम से अंतिम ग्राहक को ऋण उपलब्ध कराते हैं।
  - नाबार्ड द्वारा सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक पुनर्वित्त की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है ताकि किसानों एवं ग्रामीण कारीगरों की निवेश गतिविधियों को पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराए जा सके।
  - यह सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का पर्यवेक्षण कर उच्च स्तरीय बैंकिंग सुविधाओं को विकसित करने तथा उन्हें कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (Core Banking Solution-CBS) प्लेटफॉर्म में एकीकृत करने में मदद करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**37.**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

E. केवल 1 और 2

F. केवल 2

G. केवल 2 और 3

H. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज (IEX) के विद्युत बाज़ार ने मार्च 2021 के महीने में 8,248.52 MU (मिलियन यूनिट्स) का उच्च स्तर हासिल किया है, जिससे पिछले सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं।
  - IEX भारत में विद्युत के भौतिक वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण-पत्र और ऊर्जा बचत प्रमाण-पत्र के लिये एक राष्ट्रव्यापी, स्वचालित व्यापार मंच प्रदान करने वाला पहला और सबसे बड़ा ऊर्जा एक्सचेंज है।
  - यह एक्सचेंज उचित मूल्य निर्धारण में सक्षम बनाता है और व्यापार निष्पादन की गति और दक्षता को बढ़ाते हुए भारत में विद्युत बाज़ार तक पहुँच और पारदर्शिता को बढ़ाता है।
  - यह 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' (NSE) और 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' (BSE) के साथ सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (CERC) द्वारा अनुमोदित और विनियमित है तथा वर्ष 2008 से कार्यरत है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - यह विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत अर्द्ध-न्यायिक स्थिति के साथ एक सांविधिक निकाय है। अत: कथन 3 सही है।
    - CERC भारत में बिजली क्षेत्र का एक नियामक है।
    - यह थोक बिजली बाज़ारों में प्रतिस्पर्द्धा, दक्षता और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार, निवेश को बढ़ावा देने और मांग आपूर्ति की खाई को पाटने के लिये संस्थागत बाधाओं को हटाने पर सरकार को सलाह देने का इरादा रखता है।

**38.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत और रूस के बीच एक आम सहमति विकसित करने के लिये दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने एक दूसरे की चिंताओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों को संबोधित किया।
  - रूस के सुदूर पूर्व में बैकाल झील, जो कि विश्व की सबसे बड़ी ताज़े पानी की झील है, से लेकर प्रशांत महासागर तक इसमें रूस का लगभग एक तिहाई क्षेत्र शामिल है। **अत: कथन 1 सही नही है।**

- भारत और रूस ने वर्ष 2025 तक द्विपक्षीय व्यापार को 30 बिलियन डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- इसके अलावा कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (KKNPP) भारत में रूस के सहयोग से बनाया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**
- दोनों देशों के समान बहुपक्षीय मंच
    - ब्रिक्स
    - रूस-भारत-चीन समूह (RIC)
    - शंघाई सहयोग संगठन (SCO) **अतः कथन 2 सही है।**
- दोनों देशों के सैन्य अभ्यास:
    - अभ्यास- TSENTR
    - इंद्र सैन्य अभ्यास- संयुक्त त्रि-सेवा (सेना, नौसेना, वायु सेना) अभ्यास

**39.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- नाटो की स्थापना 4 अप्रैल, 1949 को संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और कई पश्चिम यूरोपीय देशों द्वारा सोवियत संघ के विरुद्ध सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक सैन्य संगठन के रूप में (जिसे वाशिंगटन संधि भी कहा जाता है) की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- संधि के एक प्रमुख प्रावधान (तथाकथित अनुच्छेद-5) में कहा गया है कि यदि यूरोप या उत्तरी अमेरिका में संगठन के किसी सदस्य पर हमला किया जाता है, तो इसे सभी सदस्यों पर हमला माना जाएगा। इसने प्रभावी रूप से पश्चिमी यूरोप को अमेरिका के "परमाणु छत्र" के तहत रखा है।
    - नाटो ने केवल 12 सितंबर, 2001 को अमेरिका में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 9/11 के हमलों के बाद अनुच्छेद 5 को एक बार लागू किया था।
- नाटो का संरक्षण सदस्य देशों के गृह युद्ध या आंतरिक तख्तापलट तक नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**

**40.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में जनजातीय कार्य मंत्रालय ने आदिवासी स्वास्थ्य सहयोगात्मक (THC) कार्यक्रम 'अनामय' (Anamaya) का शुभारंभ किया है।
- यह भारत के आदिवासी समुदायों के बीच सभी निवार्य मौतों (ऐसी बीमारियों के कारण होने वाली मौतें जिनकी रोकथाम संभव है) को दूर करने के लिये सरकारी, परोपकारी, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, गैर-सरकारी संगठनों (NGOs)/ समुदाय आधारित संगठनों (CBOs) को एक साथ लाने की अनूठी पहल है।
- यह भारत के जनजातीय समुदायों में स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति को बेहतर करने के लिये विभिन्न सरकारी एजेंसियों और संगठनों के प्रयासों को एकीकृत करेगी। **अतः विकल्प C सही है।**

**41.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 'आसियान' की स्थापना इसके संस्थापक सदस्यों द्वारा आसियान घोषणापत्र (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर करने के बाद हुई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- आसियान के संस्थापक राष्ट्र हैं: इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड। **अत: कथन 1 सही है।**
- यूरोपीय संघ आसियान क्षेत्र के लिये विकास सहायता का सबसे बड़ा प्रदाता है, और वह विभिन्न पर्यावरण संबंधी कार्यक्रमों के लिये लाखों यूरो प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- यूरोपीय संघ (EU) ने दक्षिण पूर्व एशिया में जलवायु अनुकूल विकास का समर्थन करने हेतु लाखों यूरो के वित्तपोषण का निर्णय लिया है।
  - दिसंबर 2020 में यूरोपीय संघ, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन 'आसियान' का 'रणनीतिक भागीदार' बना था, जिसके बाद से दोनों क्षेत्रीय समूहों ने जलवायु परिवर्तन नीति को सहयोग का एक महत्त्वपूर्ण घोषित किया था।

**42.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण

- RBI बैंकों को अपने धन का एक निश्चित हिस्सा कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME), निर्यात ऋण, शिक्षा, आवास, सामाजिक बुनियादी ढाँचे, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे अन्य क्षेत्रों में उधार देने के लिये बाध्य करता है।
  - सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और विदेशी बैंकों (भारत में एक बड़ी उपस्थिति के साथ) को इन क्षेत्रों में ऋण देने के लिये अपने समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (ANDC) के 40% को अलग करना अनिवार्य है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों और लघु वित्त बैंकों को PSL का 75% ANDC आवंटित करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके पीछे विचार यह सुनिश्चित करना है कि पर्याप्त संस्थागत ऋण अर्थव्यवस्था के कुछ कमज़ोर क्षेत्रों तक पहुँच सके।

**43.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक खुदरा खरीदार के दृष्टिकोण से मूल्य परिवर्तन को मापता है।
  - इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CPI खाद्य, चिकित्सा देखभाल, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में अंतर की गणना करता है, जिसे भारतीय उपभोक्ता उपभोग के लिये खरीदते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**44.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ओपेक (OPEC) की स्थापना वर्ष 1960 में इसके संस्थापक सदस्य देशों (ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेजुएला) द्वारा बगदाद सम्मेलन में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका का मुख्यालय वियना (ऑस्ट्रिया) में स्थित है।
  - कोई भी देश जो तेल का पर्याप्त निर्यात और संगठन के आदर्शों को साझा करता है, इसका सदस्य बन सकता है।
- ओपेक के 13 देश (ईरान, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, अल्जीरिया, लीबिया, नाइजीरिया, गैबॉन, इक्वेटोरियल गिनी, कांगो गणराज्य, अंगोला और वेनेज़ुएला) सदस्य हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- ओपेक और अन्य देश जो शीर्ष तेल-निर्यातक हैं, के गठबंधन को ओपेक प्लस (OPEC+) के नाम से जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ओपेक प्लस देशों में अज़रबैजान, बहरीन, ब्रुनेई, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, मैक्सिको, ओमान, रूस, दक्षिण सूडान और सूडान शामिल हैं।

**45.**

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- E9 साझेदारी पहली बार वर्ष 1993 में स्थापित की गई थी, जिसका गठन यूनेस्को की 'सभी के लिये शिक्षा' (Education For All) पहल हेतु किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- E-9 समूह के देशों (बांग्लादेश, ब्राज़ील, चीन, मिस्र, भारत, इंडोनेशिया, मैक्सिको, नाइजीरिया और पाकिस्तान) का उद्देश्य सभी के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा आजीवन सीखने के अवसरों को सुनिश्चित करने हेतु राजनीतिक इच्छाशक्ति एवं सामूहिक प्रयास को मज़बूत करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- E9 देश SDG4- शिक्षा 2030 (SDG4 – Education 2030) को प्राप्त करने के लिये काम कर रहे हैं।
- सभी के लिये शिक्षा (Education for All) एक वैश्विक पहल है, जिसे पहली बार वर्ष 1990 में यूनेस्को, यूएनडीपी, यूएनएफपीए, यूनिसेफ और विश्व बैंक द्वारा थाईलैंड में शिक्षा के लिये अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शुरू किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**46.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- वर्ष 1976 में सेशेल्स ने अपनी स्वतंत्रता के बाद, भारत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये है।
- जब से सेशेल्स को स्वतंत्रता प्राप्त हुई, तब से सेशेल्स के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारतीय नौसेना के जहाज़ INS नीलगिरि द्वारा हिस्सा लिया जा रहा है।
- भारत सेशेल्स का एक विश्वसनीय और भरोसेमंद साझेदार है।
- हाल ही में भारत को हिंद महासागर आयोग (Indian Ocean Commission) के पर्यवेक्षक के रूप में स्वीकार किया गया है, सेशेल्स भी जिसका सदस्य है। अत: कथन 1 सही है।
- सितंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance-ISA) फ्रेमवर्क समझौते के अनुसमर्थन के साथ, सेशेल्स आधिकारिक रूप से ISA के संस्थापक सदस्यों में शामिल हो गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - ISA भारत की एक पहल है।

**47.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (UNCLOS), 1982 एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जो विश्व के समुद्रों और महासागरों के उपयोग के लिये एक नियामक ढाँचा प्रदान करती है।
    - यह संधि समुद्री संसाधनों और समुद्री पर्यावरण के संरक्षण तथा उनका एक समान उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करती है।
    - यह इस अवधारणा पर आधारित है कि किसी भी देश की सभी समुद्र समस्याओं का आपस में गहरा संबंध है और इसे समग्र रूप से संबोधित करने की आवश्यकता है।
- इस संधि को मान्यता देने के लिये दिसंबर 1982 में मोंटेगो की खाड़ी, जमैका में सबके सामने रखा गया।
    - यह संधि वर्ष 1994 में अपने अनुच्छेद 308 के अनुसार लागू हुई।
        - वर्तमान में यह समुद्री कानून से संबंधित सभी मामलों के लिये एक वैश्विक मान्यता प्राप्त कानून है।

नोट :

- इस अधिवेशन को 168 पक्षों द्वारा अनुमोदित किया गया है, जिसमें 167 राज्य (164 संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राष्ट्रों के अलावा इसके पर्यवेक्षक राज्य यथा फिलिस्तीन, कुक आइलैंड्स और नीयू) और यूरोपीय संघ शामिल हैं।
  - इसके अतिरिक्त 14 संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने हस्ताक्षर किया लेकिन इस अधिवेशन की पुष्टि नहीं की है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत ने वर्ष 1995 में इसकी पुष्टि की, जबकि अमेरिका अभी तक इसकी पुष्टि नहीं किया है।

- विशेष आर्थिक क्षेत्र:
  - UNCLOS के अनुसार, EEZ भौगोलिक सीमा से अलग एक सामुद्रिक क्षेत्र है, जो विशेष कानूनी शासन के अधीन है, जिसके अंतर्गत तटवर्ती देशों और अन्य देशों के अधिकार क्षेत्र इस कानून द्वारा परिभाषित हैं।
  - यह सीमा आमतौर पर तट से 200 समुद्री मील तक फैली हुई है, जिसके भीतर तटीय राज्यों को अन्वेषण करने और इस क्षेत्र के संसाधनों (जीवित और गैर-जीवित दोनों) का दोहन, संरक्षण और प्रबंधन करने का अधिकार होता है। **अत: कथन 2 और 3 सही हैं।**

**48.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वेस्ट बैंक: वेस्ट बैंक इज़राइल और जॉर्डन के मध्य अवस्थित है। इसका एक सबसे बड़ा शहर 'रामल्लाह' (Ramallah) है, जो कि फिलिस्तीन की वास्तविक प्रशासनिक राजधानी है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इज़राइल ने वर्ष 1967 के युद्ध में इस पर अपना नियंत्रण स्थापित किया।
- गाजा पट्टी: यह इज़राइल और मिस्र के मध्य स्थित है। इज़राइल ने वर्ष 1967 में गाजा पट्टी का अधिग्रहण किया था, किंतु गाजा शहर के अधिकांश क्षेत्रों के नियंत्रण तथा इनके प्रतिदिन के प्रशासन पर नियंत्रण का निर्णय ओस्लो समझौते के दौरान किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**
  - वर्ष 2005 में इज़राइल ने इस क्षेत्र से यहूदी बस्तियों को हटा दिया यद्यपि वह अभी भी इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पहुँच को नियंत्रित करता है।
- गोलन हाइट्स: गोलन हाइट्स एक सामरिक पठार है जिसे इज़राइल ने वर्ष 1967 के युद्ध में सीरिया से छीन लिया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर येरुशलम और गोलान हाइट्स को इज़राइल का एक हिस्सा माना है।

**49.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र (UN) के सदस्य राज्यों द्वारा वर्ष 2015 में सतत् विकास लक्ष्य, 2030 प्रयोजन को अपनाया गया।
  - इसके अंतर्गत वर्ष 2030 तक 17 लक्ष्य और 169 विशिष्ट लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निर्धारित हैं।
  - SDG कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- SDG-4 सभी के लिये समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा तथा आजीवन सीखने के अवसरों को सुनिश्चित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**

**50.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- नवेगाँव-नागझिरा टाइगर रिज़र्व महाराष्ट्र के गोंदिया और भंडारा ज़िलों में स्थित है।

नोट :

- गोंदिया ज़िला उत्तर में मध्य प्रदेश और पूर्व में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ सीमा साझा करता है।

- रणनीतिक रूप से यह टाइगर रिज़र्व, केंद्रीय भारतीय बाघ परिदृश्य के केंद्र में स्थित है, जहाँ देश की कुल बाघ आबादी का लगभग 1/6 भाग पाया जाता है।
- दिसंबर 2013 में इसे भारत के 46 वें टाइगर रिज़र्व के रूप में अधिसूचित किया गया था।
- NNTR में नवेगाँव राष्ट्रीय उद्यान, नवेगाँव वन्यजीव अभयारण्य, नागझिरा वन्यजीव अभयारण्य, नवीन नागझिरा वन्यजीव अभयारण्य और कोका वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

**51.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या**

- कई बार ऐसा हो सकता है कि एक कंपनी के रूप में एक करदाता द्वारा वर्ष भर आय उत्पन्न की जाती है, लेकिन आयकर कानून के विभिन्न प्रावधानों (जैसे- छूट, कटौती, मूल्यह्रास, आदि) का लाभ उठाकर इस आय को कम किया जा सकता है। करदाता द्वारा अपनी कर देयता को कम किया जा सकता है या वह किसी भी कर का भुगतान करने करने के लिये बाध्य नहीं है।
- शून्य कर भुगतान करने वाली कंपनियों की संख्या में वृद्धि के कारण वित्त अधिनियम,1987 द्वारा मूल्यांकन वर्ष 1988-89 के प्रभाव से न्यूनतम वैकल्पिक कर (MAT) की शुरुआत की गई थी। बाद में इसे वित्त अधिनियम, 1990 द्वारा वापस ले लिया गया था और फिर वित्त अधिनियम,1996 द्वारा पुन: प्रस्तुत किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- MAT की गणना 15% बुक प्रॉफिट (लाभ और हानि खाते में दिखाया गया लाभ) या सामान्य कॉर्पोरेट दरों पर की जाती है, इसमें से जो भी अधिक है वह कर के रूप में देय है।
- भारत में सभी कंपनियाँ, चाहे वह घरेलू हों या विदेशी, MAT के प्रावधानों के अंतर्गत आती हैं। बाद में MAT के अधिकार क्षेत्र में गैर-कॉरपोरेट संस्थाओं को भी शामिल किया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- MAT एक महत्त्वपूर्ण उपकरण है जिसकी मदद से कर की चोरी को रोका जा सकता है।

**52.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**

- MPEDA राज्य के स्वामित्व वाली एक नोडल एजेंसी है जो मत्स्य उत्पादन और संबद्ध गतिविधियों से जुड़ी हुई है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1972 में समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम (MPEDA), 1972 के तहत की गई थी । अत: कथन 1 सही है।
- यह केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका मुख्यालय कोच्चि, केरल में है। **अतः कथन 3 सही है।**
- MPEDA की भूमिका समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यात को बढ़ाना है, जिसमें सभी प्रकार की मछलियों के मानकों को निर्दिष्ट करना, विपणन, प्रसंस्करण, विस्तार और विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण शामिल हैं।

**53.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत-नीदरलैंड संबंध 400 वर्ष से अधिक पुराने हैं, लगभग 17वीं शताब्दी ईस्वी में भारत में पहली डच कंपनी (डच ईस्ट इंडिया कंपनी) स्थापित हुई थी।
    - दोनों देशों के बीच आधिकारिक संबंध वर्ष 1947 में स्थापित किये गए थे, जो तब से अब तक सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण रहे हैं।

नोट :

- भारत और नीदरलैंड के बीच वर्ष 2017-18 में द्विपक्षीय व्यापार 8.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर था जो वर्ष 2018-19 में बढ़कर 12.87 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।
    - वर्ष 2025 तक इस द्विपक्षीय व्यापार के 18-23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आस-पास होने का अनुमान है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - वित्तीय वर्ष (FY) 2018-19 में नीदरलैंड, मॉरीशस और सिंगापुर के बाद भारत में निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश था।
    - भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश का नीदरलैंड मार्च 2018 के अंत तक दूसरा सबसे बड़ा पसंदीदा स्थान था।
- नीदरलैंड में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या मौजूद है। नीदरलैंड्स में भारतीय छात्रों और पेशेवर समुदायों की बढ़ती संख्या के चलते दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधो में मज़बूती देखी जा रही है, साथ ही इससे तकनीकी साझेदारी को भी बढ़ावा मिल रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**

**54.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ज्योतिराव फुले एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्त्ता, विचारक, जातिप्रथा-विरोधी समाज सुधारक और महाराष्ट्र के लेखक थे। उन्हें ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है।
- उनकी विचारधारा स्वतंत्रता, समतावाद और समाजवाद पर आधारित थी। **अतः कथन 1 सही है।**
    - फुले थॉमस पाइन की पुस्तक 'द राइट्स ऑफ मैन' से प्रभावित थे और उनका मानना था कि सामाजिक बुराइयों का मुकाबला करने का एकमात्र जरिया महिलाओं निम्न वर्ग के लोगों को शिक्षा देना था।
- फुले ने अपने अनुयायियों के साथ मिलकर वर्ष 1873 में सत्यशोधक समाज का गठन किया, जिसका अर्थ था सत्य के साधक 'ताकि महाराष्ट्र में निम्न वर्गों को समान सामाजिक और आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- 11 मई, 1888 को महाराष्ट्र के सामाजिक कार्यकर्त्ता विट्ठलराव कृष्णजी वांडेकर द्वारा उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से सम्मानित किया गया। **अतः कथन 3 सही है।**

**55.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कज़ाखस्तान पश्चिम में कैस्पियन सागर, उत्तर में रूस, पूर्व में चीन और दक्षिण में किर्गिस्तान, तुर्कमेनिस्तान तथा उज़्बेकिस्तान से घिरा हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - चीन के साथ लंबी सीमाओं के साथ-साथ रूस और एशिया के बीच भू-राजनीतिक अवस्थिति कज़ाखस्तान को प्रमुख रणनीतिक महत्त्व प्रदान करती है।
- भारत और कज़ाखस्तान के संबंध अत्यधिक प्राचीन और ऐतिहासिक हैं जो 2000 वर्षों से अधिक समय से चले आ रहे हैं।
    - भारत, कज़ाखस्तान की स्वतंत्रता को मान्यता देने वाले शुरुआती देशों में से एक था और दोनों देशों के मध्य फरवरी 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित किये गए थे।
    - वर्ष 2009 से भारत और कज़ाखस्तान दोनों एक-दूसरे के रणनीतिक साझेदार हैं।
    - कज़ाखस्तान, मध्य एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार और निवेश भागीदार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दोनों देश एक संयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेते हैं, जिसका नाम काज़िंद (KAZIND) है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - वर्ष 2019 में काज़िंद का नवीनतम संस्करण (चौथे संस्करण) उत्तराखंड, भारत में आयोजित किया गया था।

नोट :

**56.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। अत: कथन 1 सही है।
- CEC का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु (दोनों में से जो भी पहले हो) तक होता है।
- वह अपने पद से कभी भी इस्तीफा दे सकता है या कार्यकाल की समाप्ति से पहले भी उन्हें हटाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - मुख्य चुनाव आयुक्त को संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के समान ही पद से हटाया जा सकता है।

**57.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- स्वीडन यूनिवर्सिटी ऑफ गोथेनबर्ग (Sweden's University of Gothenburg) के शोधकर्त्ताओं द्वारा थ्वाइट्स ग्लेशियर (Thwaites Glacier) जिसे 'डूम्सडे ग्लेशियर' (Doomsday Glacier) के नाम से भी जाना जाता है, के नीचे से डेटा प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है।
- शोधकर्त्ताओं ने पाया है कि ग्लेशियर में गर्म पानी की आपूर्ति पहले की तुलना में बढ़ गई है जो बर्फ के पिघलने की दर को और अधिक तीव्र कर सकता है।
- इसे थ्वाइट्स ग्लेशियर के नाम से भी जाना जाता है। यह 120 किलोमीटर चौड़ा तथा तेज़ी से गतिशील है। पिछले कुछ वर्षों में इसके पिघलने की दर में तेज़ी आई है। इसका आकार 1.9 लाख वर्ग किमी. है जिसमे विश्व जल स्तर को आधा मीटर से अधिक बढ़ाने हेतु पर्याप्त जल विद्यमान है।
- अध्ययन में पाया गया है कि पिछले 30 वर्षों में ग्लेशियर के बर्फ की लगभग दोगुनी मात्रा पिघल चुकी है।
- वर्तमान में थ्वाइट्स ग्लेशियर के पिघलने से प्रति वर्ष वैश्विक समुद्र तल के स्तर में 4 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।
- ऐसे अनुमान है कि थ्वाइट्स ग्लेशियर 200-900 वर्षों में पूर्णत: समुद्र में समा जाएगा।
- अंटार्कटिका के लिये थ्वाइट्स अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह अपने पीछे मौजूद स्वतंत्र रूप से समुद्र में बहने वाले ग्लेशियरों को भी आगे बढ़ने से रोकता है।
- थवाइट्स ग्लेशियर पर मंडराते खतरे के कारण इसे अक्सर 'डूम्सडे' भी कहा जाता है जिसका अर्थ है 'चेतावनी' या 'खतरा' कभी-कभी इसे तबाही भी कहा जाता है। **अत: विकल्प A सही है।**

**58.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 'शांतिर ओग्रोशेना' बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास बांग्लादेश के 'राष्ट्रपिता' बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, साथ ही यह अभ्यास बांग्लादेश की आज़ादी के 50 वर्ष पूरे होने का भी प्रतीक है।
- यह सैन्य अभ्यास बांग्लादेश स्थित 'बंगबंधु सेनानीबास' (BBS) में आयोजित किया गया था।
- 'शांतिर ओग्रोशेना' का अर्थ है 'फ्रंट रनर ऑफ द पीस'।
- इस अभ्यास का विषय रक्षा संबंधों को मज़बूत करना और प्रभावी शांति अभियानों को सुनिश्चित करने के लिये पड़ोसी देशों के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना था।
- यह संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा अधिदिष्ट एक काउंटर-टेररिज़्म अभ्यास है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अभ्यास के दौरान भारत, बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका के सैनिकों ने हिस्सा लिया, वहीं इस दौरान अमेरिका, ब्रिटेन, तुर्की, सऊदी अरब, कुवैत और सिंगापुर के सैन्य पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

59.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- भौगोलिक रूप से उत्तरी आयरलैंड, आयरलैंड का तथा राजनीतिक रूप से यूनाइटेड किंगडम-UK का हिस्सा है। अत: कथन 1 सही है।
- कई शताब्दियों तक ब्रिटेन के कब्जे में रहने के बाद लगभग 100 वर्ष पहले आयरलैंड में विद्रोह हुआ। जिसके बाद वर्ष 1920-21 में आयरलैंड का बँटवारा हुआ।
    - तब ब्रिटेन ने आयरलैंड की 32 काउंटी में से रोमन कैथोलिक-बहुमत वाली केवल 26 काउंटी को ही स्वतंत्रता प्रदान की जबकि प्रोटेस्टेंट बहुमत वाली शेष छह काउंटी पर आज भी ब्रिटेन का कब्ज़ा है।
- उत्तरी आयरलैंड के कैथोलिक अल्पसंख्यकों ने प्रोटेस्टेंट-बहुमत वाले राज्य में भेदभाव का अनुभव किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

60.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- हिमालय विश्व की सबसे ऊँची और नवीन वलित पर्वत शृंखला है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इसकी भूगर्भीय संरचना नवीन, मुलायम और मोड़दार है क्योंकि हिमालयी उत्थान एक सतत् प्रक्रिया है, जो उसे दुनिया के उच्च भूकंप-संभावित क्षेत्रों में से एक बनाती है। भारतीय भूकंपीय ज़ोनिंग एक सतत् प्रक्रिया है जो भूकंप की घटना संबंधी अधिक-से-अधिक आँकड़े प्राप्त होने पर बदलती रहती है।
- यह भारत को अपने उत्तर-मध्य और पूर्वोत्तर सीमांत के साथ चीन (तिब्बत) से अलग करता है।
- हिमालय समानांतर पर्वत श्रेणी की एक शृंखला है जो उत्तर-पश्चिम से लेकर दक्षिण-पूर्व दिशा तक फैली हुई है। इन श्रेणियों को अनुदैर्ध्य घाटियों द्वारा अलग किया जाता है। उनमें शामिल है:
    - ट्रांस-हिमालय या पार हिमालय
    - महान हिमालय या हिमाद्रि
    - लघु हिमालय या हिमाचल
    - शिवालिक या बाह्य हिमालय
    - पूर्वी पहाड़ी या पूर्वांचल **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

61.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- गुड़ी पड़वा और उगादि त्योहार कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र सहित दक्कन क्षेत्र के लोगों द्वारा मनाए जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- दोनों त्योहारों के समारोहों में आम प्रथा है कि उत्सव का भोजन मीठे और कड़वे मिश्रण से तैयार किया जाता है।
    - दक्षिण में बेवु-बेला नामक गुड़ (मीठा) और नीम (कड़वा) परोसा जाता है, जो यह दर्शाता है कि जीवन सुख और दुख दोनों का मिश्रण है। **अत: कथन 2 सही है।**
- गुड़ी महाराष्ट्र के घरों में तैयार की जाने वाली एक गुड़िया है।
    - गुड़ी बनाने के लिये बाँस की छड़ी को हरे या लाल ब्रोकेड से सजाया जाता है। इस गुड़ी को मुख्य रूप से घर में या खिड़की/दरवाजे के बाहर सभी को दिखाने के लिये से रखा जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - उगादि के लिये घरों में दरवाजे आम के पत्तों से सजाए जाते हैं, जिन्हें कन्नड़ भाषा में तोरणालु या तोरण कहा जाता है।

नोट :

62.

उत्तर: A

**व्याख्या**

- हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री वर्चुअल माध्यम से 'ई-सांता' (E-SANTA) नाम से एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया, जो कि जल कृषकों और खरीदारों को जोड़ने हेतु एक मंच प्रदान करेगा। **अतः विकल्प (A) सही है।**
- 'ई-सांता' का प्रयोग वेब पोर्टल के लिये किया गया है, जिसका अर्थ है- 'इलेक्ट्रॉनिक सॉल्यूशन फॉर ऑग्मेंटिंग NaCSA फार्मर्स ट्रेड इन एक्वाकल्चर' (e-SANTA)।
- 'ई-सांता' प्लेटफॉर्म बाज़ार विभाजन को समाप्त करने के लिये एक डिजिटल ब्रिज के रूप में कार्य करेगा और मध्यस्थों को समाप्त कर किसानों एवं खरीदारों को एक वैकल्पिक विपणन का साधन उपलब्ध कराएगा।
- इस प्लेटफॉर्म पर किसान स्वतंत्र रूप से अपनी उपज को सूचीबद्ध कर सकते हैं और अपनी इच्छा के अनुसार, कीमतों का निर्धारण कर सकते हैं, इसके अलावा निर्यातकों को भी अपनी आवश्यकताओं को सूचीबद्ध करने तथा अपनी आवश्यकताओं (जैसे- वांछित आकार, स्थान, फसल की अवधि आदि) के आधार पर उत्पादों का चयन करने की स्वतंत्रता होगी।
- यह प्लेटफॉर्म कई भाषाओं में उपलब्ध है, जो स्थानीय लोगों के लिये काफी मददगार होगा।

63.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- जलियाँवाला बाग हत्याकांड की जाँच के लिये 14 अक्तूबर, 1919 को भारत सरकार ने डिसऑर्डर इन्क्वायरी कमेटी (Disorders Inquiry Committee) के गठन की घोषणा की।
- यह समिति लॉर्ड विलियम हंटर की अध्यक्षता के चलते उनके नाम पर हंटर कमीशन (Hunter Commission) के नाम से जानी जाती है। इसमें भारतीय सदस्य भी थे। **अतः विकल्प B सही है।**

64.

उत्तर: A

**व्याख्या**

- भारत ऊर्जा डैशबोर्ड (IED) एक ही स्थान पर देश के ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित समग्र डेटा प्रदान करने का एक प्रयास है।
  - यह भारत के लिये एक व्यापक, मुक्त, स्वतंत्र और सुलभ ऊर्जा डेटा पोर्टल बनाने की दिशा में किया गया आरंभिक प्रयास है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हाल ही में भारत सरकार के थिंक टैंक 'नीति आयोग' ने भारत ऊर्जा डैशबोर्ड का दूसरा संस्करण का लॉन्च किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - नीति आयोग द्वारा इसके प्रथम संस्करण की शुरुआत मई 2017 में की गई थी।

**नोट :**